प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 28.04.2026 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- प्रदेश में प्रचंड गर्मी का दौर जारी–9 शहरों में पारा 45 डिग्री पार पंहुचा।
- केन्द्र ने सभी राज्यों को स्वास्थ्य केंद्रों पर लू प्रबंधन के लिए समर्पित इकाइयां स्थापित करने के निर्देश दिए।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वाराणसी में 6 हजार 350 करोड़ रूपये की विकास परियोजनों का उद्घाटन करेंगे और आधारशिला रखेंगे।
- पहली पेंशन अदालत कल जयपुर में आयोजित हुई–77 प्रतिशत शिकायतों का निस्तारण किया गया।
- आईपीएल में आज राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला टेबल टॉपर पंजाब किंग्स से होगा।

0000

प्रदेश में हीटवेव के असर से कई जिलों में दिन और रात का तापमान रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच रहा है, जिससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। बीते 24 घंटों में सभी कई शहरों में दिन और रात का पारा सामान्य से 3 से 9 डिग्री तक अधिक रहा। राज्य के नौ शहरों में अधिकतम तापमान पैंतालीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया है। हालांकि, कल दोपहर से आज सुबह तक कई जिलों में तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश हुई है, वहीं कहीं कहीं ओलावृष्टि भी दर्ज की गयी।

.....

भीषण गर्मी और लू की चेतावनी को देखते हुए प्रदेश के कई जिलों में स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों के समय में बदलाव किया गया है। नागौर जिला प्रशासन ने सभी राजकीय और निजी विद्यालयों का समय अब सुबह साढ़े सात बजे से दोपहर बारह बजे तक करने के आदेश दिए है। इसी प्रकार, आंगनबाड़ी केंद्र का समय सुबह ग्यारह बजे तक रहेगा। पाली में प्रचंड गर्मी को देखते हुए मनरेगा योजना का कार्य समय सुबह 6 बजे से 1 बजे तक किया है। यह समय 15 जुलाई तक लागू रहेगा। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने भी लू की स्थिति को देखते हुए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से तैयारियां करने का आग्रह किया है। मंत्रालय ने राज्यों को सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर लू प्रबंधन के लिए समर्पित इकाइयां स्थापित करने, एम्बुलेंस सेवाओं की तैयारी सुनिश्चित करने को कहा है। इसके साथ ही एकीकृत स्वास्थ्य सूचना प्लेटफॉर्म–आईएचआईपी पोर्टल पर लू के मामलों की जानकारी देने के निर्देश दिये है।

0000

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कल अजमेर में पेयजल व्यवस्था की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने जलदाय विभाग के अधिकारियों भीषण गर्मी के मद्देनजर अगले दो महीनों तक अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए। उन्होंने आमजन को निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही अधिकारियों को पेयजल आपूर्ति की लगातार मॉनिटरिंग करने और समर कंटिन्जेंसी प्लान के तहत हैंडपंप, ट्यूबवेल तथा आवश्यकतानुसार टैंकरों के माध्यम से पानी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि पेयजल वितरण में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

0000

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने महात्मा गांधी नरेगा और वीबीदृजी राम जी योजना की समीक्षा की। उन्होंने कल सचिवालय में हुई बैठक में अधिकारियों को नई योजना लागू होने से पहले सभी अधूरे कामों को पूरा करने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने मनरेगा के तहत चार लाख से अधिक लंबित कार्यों को पूरा करने पर ग्रामीण विकास विभाग की सराहना की। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के लाभार्थियों को अनिवार्य रूप से 90 दिन का रोजगार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही, आगामी मानसून के दौरान ग्रीन अरावली परियोजना के तहत सघन वृक्षारोपण की कार्ययोजना बनाने को कहा।

0000

प्रदेश में डूबने की अलग–अलग घटनाओं में पाँच लोगों की मृत्यु हो गई है। पहला हादसा नागौर जिले के मेड़ता क्षेत्र के हरसोलाव गांव में हुआ, जहां एक खेत में बने फार्म पौंड में डूबने से तीन युवकों की मृत्यु हो गई। पुलिस के अनुसार एक युवक खेत में बने फार्म पौंड में पैर फिसलने से गिर गया। उसे बचाने के प्रयास में दो और युवक डूब गए। दूसरी दुर्घटना में जैसलमेर जिले के चुंधि गांव में एक खेत में बनी डिग्गी में नहाने गए दो युवकों की डूबने से मृत्यु हो गई। ये युवक गर्मी से राहत के लिए डिग्गी में नहाने उतरे थे, जहाँ वे गहराई में फंस गए।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज से उत्तर प्रदेश के दो दिन की यात्रा पर रहेंगे। यात्रा के पहले चरण में प्रधानमंत्री आज अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी पहुंचेंगे। वे वाराणसी में आज शाम महिला सम्मेलन में शामिल होंगे और लगभग छह हजार तीन सौ 50 करोड़ रुपये लागत की कई विकास परियोजनाओं का उद्‌घाटन करेंगे और आधारशिला भी रखेंगे। वे इस अवसर पर जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

0000

जयपुर में कल पहली पेंशन अदालत आयोजित हुई। पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण विभाग के क्षेत्रीय कार्यालय में हुई इस अदालत में शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों के पेंशन प्रकरणों का निस्तारण किया गया। विभाग के निदेशक महेंद्र सिंह भूकर ने बताया कि अदालत में शिक्षा विभाग की 165 शिकायतों में से 96 का मौके पर ही समाधान किया गया। इसी तरह अन्य विभागों के भी 56 मामलों को सुलझाया गया। उन्होंने बताया कि प्राप्त शिकायतों में से लगभग 77 प्रतिशत का निस्तारण कर दिया गया है। इस दौरान कुल 422 पुराने लंबित प्रकरणों में पेंशन भुगतान आदेश यानी पी–पी–ओ जारी किए गए।

0000

जयपुर के उपनगरीय रेलवे स्टेशन खातीपुरा को आत्मनिर्भर मेगा टर्मिनल स्टेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि इस स्टेशन को सैटेलाइट टर्मिनल के रूप में तैयार किया जा रहा है, जहाँ यात्रियों के लिए आधुनिक सुविधाओं के साथ–साथ ट्रेनों के रखरखाव के लिए अत्याधुनिक उपकरण भी उपलब्ध होंगे। उन्होंने बताया कि इसे स्टेशन के पूरी तरह से विकसित होने के बाद जयपुर से दिल्ली और अन्य लंबी दूरी के लिए नई रेल सेवाएं शुरू करने में आसानी होगी।

0000

आईपीएल में आज राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला पंजाब किंग्स से होगा। ये मैच शाम साढे सात बजे से चंडीगढ में खेला जायेगा। पंजाब किंग्स अंक तालिका में शीर्ष पर बनी हुई है। इससे पहले कल रॉयल चेलेंजर्स बैंगलुरू ने रात एकतरफा मुकाबले में डेल्ही कैपिटल्स को नौ विकेट से हरा दिया। डेल्ही कैपिटल्स 16 ओवर तीन गेंद में सिर्फ 75 रन ही बना सका। आरसीबी ने नौ विकेट शेष रहते सिर्फ सात ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया।

0000

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने सिरोही के श्रम कल्याण अधिकारी की गाड़ी से एक लाख 50 हजार रुपये की संदिग्ध राशि बरामद की है। ब्यूरो को सूचना मिली थी कि अधिकारी हर्षदीप सिंह गिल और अन्य कर्मचारी आबू रोड की औद्योगिक इकाइयों से कथित तौर पर अवैध वसूली कर विभाग की अनुबंधित गाड़ी से सिरोही की तरफ आ रहे हैं। सूचना के बाद एसीबी की टीम ने सिरोही में गाड़ी की तलाशी ली, जिसमें एक बैग से नकद राशि मिली। मामले की जांच की जा रही है।

0000